हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 16 मई 2024

10 शॉट सर्किट या किसी ने जान बूझकर दिया अंजाम



11 आईटीआई में दाखिले का नोटिफिकेशन जारी




### खरीद के बाद अब स्टोरेज बनी समस्या

# सरसों रखने की नहीं बची जगह, गली कूचों में बना दिए वेयरहाउस के गोदाम

**खरीद बंद होने के 15 दिन बाद भी मंडी से नहीं उठ पाए सरसों के बैग, मंडी में जगह- जगह लगे हैं बोरियों के ढेर, एक मई को बंद हो गई थी सरसों की खरीद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल







**नारनौल।** रेवाड़ी रोड पर सीएल फार्म के सामने खड़े सरसों से लदे ट्रक व रेवाड़ी रोड की एक दुकान को गोदाम बनाकर उसमें सरसों भरते मजदूर और अनाज मंडी में अब भी रखे सरसों के हजारों बैग। फोटो : हरिभूमि।

स्टेट वेयर हाउस को गोदामों की कमी पड़ गई है, जिस कारण शहर के गली-कूचों में गोदाम ढूंढकर सरसों शिफ्ट करवाई जा रही है। कमाल की बात यह भी है कि सरकारी समर्थन मूल्य 5650 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद गत एक मई को बंद कर दी गई थी, लेकिन 15 दिन बीतने के बावजूद अब तक नारनौल मंडी खाली नहीं हो पाई है। मंडी में अब भी करीब 17-18 हजार सरसों बैग का उठान होना बाकी है।

उल्लेखनीय है कि शहर के नांगल चौधरी रोड पर स्थित नई अनाज मंडी में बुधवार को भी स्टेट वेयर हाउस द्वारा सरसों का उठान किया गया। इस सीजन में गत 26 मार्च से सरसों की खरीद शुरू की गई थी, जिसमें 10 अप्रैल तक हैफेड द्वारा को-ऑपरेटिव सोसायटी के माध्यम से लगभग 85000 क्विंटल सरसों खरीदी गई थी। वहीं 10 अप्रैल से एक मई तक स्टेट वेयर हाउस ने आढ़तियों के माध्यम से सरसों की खरीद की थी। एक मई के बाद से सरसों की खरीद बंद हैं, लेकिन मंडी में मौजूद सरसों का उठान अब भी जारी है।

### प्राइवेट एजेंसी के चौकीदार करेंगे रखवाली

स्टेट वेयर हाउस ने सरसों रखने के लिए गोदामों की जैसे-तैसे व्यवस्था कर ली है, लेकिन कमाल की बात है कि इनकी रखवाली एजेंसी के कारिंदों के कंधों पर रहेगी। एजेंसी के कारिंदे रखवाली के लिए कब आएंगे और कैसी रखवाली करेंगे, इस पर प्रश्न चिह्न लगा हुआ है, क्योंकि एजेंसी चौकीदारों पर खर्च करने की बजाए बचत के ज्यादा चक्कर में रहेगी।

### बारदाने की कमी से धीमी पड़ी थी उठान की गति

पिछले करीब 40 दिनों से खरीद प्रक्रिया पूरी तरह से सामान्य बनी रही, मगर बारदाने और गोदाम की कमी के चलते उठान धीमा रहा, जिसकी वजह से किसानों और व्यापारियों को समस्या का सामना करना पड़ा। वेयर हाउस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 अप्रैल से एक मई तक वेयर हाउस द्वारा जिले की मंडियों से करीब 674600 क्विंटल सरसों की खरीद की गई, वहीं अकेले नारनौल मंडी में 250970 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। एक मई को खरीद बंद होने के बावजूद अब तक मंडी खाली नहीं हो पाई है तथा सरसों अब भी मंडी में पड़ी है। मंडी में करीब 17-18 हजार बैग सरसों अब भी मंडी में अलग-अलग स्थानों पर पड़ी है।

### गोदाम में थी केवल 40 हजार बैग रखने की जगह

सरसों की खरीद से पहले वेयर हाउस के पास जो गोदाम थे, उनमें मात्र करीब 40,000 सरसों के बैग रखने की जगह उपलब्ध थी। वहीं 26 मार्च से एक मई तक को-आप्रेटिव सोसायटी एवं स्टेट वेयर हाउस के द्वारा करीब साढ़े पांच लाख सरसों के बैग की खरीद की गई। यहां की जिले की सरसों जींद, पलवल, सफीदों आदि के गोदामों में भेजी गई, लेकिन वहां के गोदाम भरने के बाद उन्होंने और सरसों रखने की जगह नहीं बची। जिस कारण अधिकारियों को लोकल स्तर पर ही गोदाम खोजने पड़े। जिला महेंद्रगढ़ में ही स्टेट वेयर हाउस ने करीब 14 गोदाम खरीदे हैं। अकेले नारनौल शहर में ही गली-कूचों में गोदाम के रूप में छोटी-मोटी दुकानें लेनी पड़ी हैं। रेवाड़ी रोड पर सीएल फार्म के पास खाली दुकानों को गोदाम के रूप में किराये पर लेकर उनमें सरसों भरी गई है।

### यह कहते हैं अधिकारी

स्टेट वेयर हाउस नारनौल के डीएम रेशु दहिया ने बताया कि वह सप्ताह पहले ही यहां ट्रांसफर होकर आए हैं। गोदामों एवं बारदाने की कमी से उठान में देरी हुई है। अब करीब 14 प्राइवेट गोदाम लिए गए हैं, जिनमें सरसों रखवाई जा रही है। इससे उठान में भी तेजी आई है और अब एक-दो दिन में तमाम सरसों का उठान कर लिया जाएगा।

### अभी भी मंडी में पड़े 18 हजार बैग

एक मई को सरसों की खरीद बंद हो गई थी। खरीद बंद होने के 15 दिन बाद भी मंडी से सरसों का उठान नहीं हो पाया है। मंडी में अब भी अलग अलग जगहों पर करीब 18 हजार बैग पड़े हुए हैं।

## अब यूटीएस ऑन एप से बुक करवा सकेंगे जनरल टिकट

- एप में बदलाव कर अधिकतम 20 किमी. दूरी की सीमा की समाप्त यात्री ट्रेन के अंदर से अब भी बुक नहीं करवा सकेंगे टिकट


हरिभूमि न्यूज ▶▶| सतनाली मंडी

रेलवे ने साधारण श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को आसान टिकट सुविधा प्रदान करने के लिए यूटीएस ऑन मोबाइल एप में अहम बदलाव किया है। यूटीएस ऑन मोबाइल एप के माध्यम से टिकट बुक करने की दूरी की सीमा को समाप्त कर दिया गया है। जिससे अब जनरल टिकट किसी भी स्थान से बुक किए जा सकते हैं। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार रेलवे ने साधारण श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यूटीएस ऑन मोबाइल एप में बड़ा बदलाव कर जनरल टिकट बुक करवाने की दूरी सीमा को समाप्त खत्म कर दी है।

इसके शुरू होने से अब यात्री जनरल टिकट किसी भी स्थान से बुक करवा सकते हैं। यूटीएस ऑन मोबाइल एप से इससे पूर्व जनरल टिकट बुक करने की अधिकतम दूरी 20 किलोमीटर थी अर्थात कोई भी यात्री स्टेशन के प्लेटफॉर्म से 20 किलोमीटर से अधिक दूरी होने पर टिकट बुक नहीं करवा सकता था। अब दूरी सीमा को समाप्त करने से जनरल टिकट कहीं से भी ऑनलाइन बुक हो सकता है। जियो फेसिंग की न्यूनतम दूरी में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। यात्री प्लेटफॉर्म और ट्रेन के अन्दर से ऑनलाइन जनरल टिकट बुक नहीं करवा सकता है। यूटीएस ऑन मोबाइल एप सुविधा से यात्री को आसान इंटरफेस प्राप्त होता है। इससे मोबाइल पर पेपरलेस जनरल टिकट/प्लेटफॉर्म टिकट/सीजन टिकट आसानी से यात्री स्वयं ही बना सकते है। इससे यात्री के समय की बचत होगी, साथ ही कागज की बचत होगी तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

## स्कूल बस हादसाः हाईकोर्ट के जज से जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल




स्कूल बस हादसे में मृतक एवं घायल बच्चों के परिवारों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर 11 मई को उन्हाणी में महापंचायत हुई थी। उसी के तहत बुधवार को जिला उपायुक्त के बुलावे पर पीड़ित परिजन नारनौल पहुंचे और उपायुक्त से मुलाकात कर अपनी दर्द भरी दास्तानं बताई। इस दौरान उन्होंने अपनी मांगों का लिखित ज्ञापन भी उपायुक्त को सौंपा।

- आर्थिक सहायता की भी हो रही है मांग

इस ज्ञापन में बस हादसे की जांच हाई कोर्ट के सीटिंग जज से करवाने, फरार स्कूल निदेशक सुभाष को तत्काल गिरफ्तार करने, मृतक बच्चों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये व घायल बच्चों के परिवारों को 50-50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने, मृतक बच्चों की याद में स्मारक बनाने, मृतक बच्चों के परिवारों को सरकारी नौकरी व आजीवन निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने, घायल बच्चों को भविष्य में सरकारी नौकरी देने, उनका 100 प्रतिशत हैंडीकैप्ट मेडिकल बनाने, आजीवन उच्च स्तरीय निशुल्क चिकित्सा सुविधा देने और स्कूल संचालक राजेन्द्र सिंह लोढ़ा को ग्रीवेंस कमेटी के पद से तत्काल हटाने की मांगे की गई। उपायुक्त ने राजेन्द्र सिंह लोढ़ा को ग्रीवेंस कमेटी के पद से हटाने के लिए तत्काल राज्य सरकार को लिखने तथा आरोपित सुभाष को जल्दी गिरफ्तार करने का भरोसा दिया। बाकी की सभी मांगें जायज हैं। आचार संहिता हटने के बाद पूरा कर दिया जाएगा। इस मौके पर महापंचायत के अध्यक्ष अतरलाल, रमेश महलावत, संजय शर्मा, प्रदीप कुमार, औमप्रकाश, राकेश कुमार, संदीप कुमार, दुष्यंत, रविन्द्र, अतरलाल, रमेश महलावत, पवन, मंजीत मौजूद थे।

### साथियों के साथ मिलकर की दोस्त से मारपीट

**नारनौल।** एक युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर दोस्त के साथ मारपीट कर दी। इस दौरान पीड़ित के 5200 रुपये भी गायब हो गए। पीड़ित रिषांक ने बताया कि वह अपनी दुकान से किसी की पेमेंट देने के लिए जा रहा था। रास्ते में टीबी अस्पताल के पास उसका पुराना दोस्त श्रवण मिल गया। जिसने मिलने के लिए उसके पास पहले फोन भी किया था। जब वह श्रवण से मिला तो अस्पताल के पीछे एक साइड में ले गया। जहां पर कृष्ण, त्रिलोक व अन्य युवक खड़े थे। जिन्होंने उसके साथ लकड़ी-डंडों से उसके साथ मारपीट की। इस दौरान श्रवण ने कहा कि जो 10 हजार रुपये उसने दिए थे, वह रुपये वापस दे। इसी दौरान उसके 5200 रुपये भी गायब हो गए। पुलिस ने श्रवण, कृष्ण, त्रिलोक व अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## खबर संक्षेप



### मंढाणा में बेटी के जन्म पर किया कुआं पूजन

**नारनौल।** गावं मण्ढाणा निवासी बलबीर शर्मा के यहां बेटी का जन्म होने पर धूमधाम से कुआं पूजन समारोह का आयोजन किया गया। उनकी पत्नी पुष्पा शर्मा ने ने गत दिनों बेटी को जन्म दिया था, जिस पर बीती शाम को गांव में धूमधाम से कुआं पूजन एवं प्रीतिभोज का आयोजन किया गया। पुष्पा शर्मा के मायका पक्ष ने छूछक भरा और शर्मा के परिवारजनों एवं रिश्तेदारों का खूब मान-सम्मान किया। परिवार ने बेटी का कुआं पूजन कर समाज में बेटी को बेटों से किसी भी तरह कम न होने का संदेश दिया।

### कलवाड़ी का युवक संदिग्ध परिस्थिति में लापता

**मंडी अटेली।** क्षेत्र के गांव कलवाड़ी से एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। कलवाड़ी निवासी मदनलाल ने पुलिस में दी शिकायत में कहा कि उसके दो लड़के हैं, जिसमें बड़ा लड़का 18 वर्षीय ललित उर्फ लक्की अटेली में कोचिंग के लिए चार महीनों से जा रहा है। 13 मई को भी समय करीब नौ बजे सुबह उसके घर से अपने दोस्त आयुष व नवीन के साथ अटेली गया था। जिन्होंने बताया है कि उन्होंने उसे कोचिंग सेंटर पर छोड़ दिया था। वहां पर वह दोपहर एक बजे तक रहा, लेकिन घर नहीं लौटा।

### अवैध हथियार सहित युवक काबू

**नारनौल।** सदर थाना पुलिस ने एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान योगेश उर्फ गोलिया के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ सदर थाना में केस दर्ज अवैध हथियार जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार सदर थाना पुलिस गश्त के दौरान गांव मिर्जापुर-बाछौद बस स्टैंड पर मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली योगेश उर्फ गोलिया वासी मिर्जापुर -बाछौद गांव फिरनी कुंजपुरा रोड पर खड़ा है। जिसके पास अवैध हथियार है और किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। अगर तुरंत रेड की जाएग, तो आरोपित को अवैध हथियार के साथ काबू किया जा सकता है।

### सिलारपुर मेहता के पूर्व सरपंच का निधन

**मंडी अटेली।** क्षेत्र के गांव सिलारपुर मेहता के पूर्व सरपंच माडूराम व बसपा नेता की 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव में कर दिया गया। दिवंगत सरपंच माडूराम बसपा पार्टी संस्थापक कांशीराम के काफी करीब रहे थे। वे सामाजिक कायारें में बढ़-चढ़कर भाग लेते थे। सरपंच माडूराम बाबा साहब व कांशीराम की विचारधारा फैलाने का काम किया। भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखी गई पुस्तकों को पढ़कर उनके ज्ञान को फैलाने का भी काम किया है।



## ऑफिस में 20 साल पुराना सभी रिकॉर्ड एवं हार्डवेयर आगजनी के चढ़े भेंट

# शॉर्ट सर्किट या किसी ने जानबूझकर दिया अंजाम, फॉरेंसिक रिपोर्ट में होगा खुलासा

- एनआईसी केडीआईओ की शिकायत पर सिटी पुलिस ने किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

लघुसचिवालय में स्थित एनआईओ ऑफिस में आगजनी की घटना पर सवाल उठे है। यह सवाल खुद इस ऑफिस के डीआईओ ने उठाए है। पुलिस को दी शिकायत में उन्होंने आगजनी के पीछे अज्ञात व्यक्ति द्वारा अंजाम देने का शक हाजिर कर गहनता से जांच की मांग की है। अभी फिलहाल पुलिस ने डीआईओ की शिकायत पर आईपीसी की धारा 436 के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस की फॉरेंसिक टीम ने आगजनी घटना के बाद मौके से जले हुए सामान की राख सहित अन्य सैंपल लिए है। इन सैंपलों को एफएसएल भेजने की तैयार है। इस रिपॉर्ट से खुलासा होगा कि शॉर्टसर्किट है या जानबुझकर कर आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया है।



नारनौल। आगजनी के बाद एनआईओ ऑफिस। फाइल : फोटो

एनआईसी के डीआईओ हरीश ने महावीर पुलिस चौकी में शिकायत दी है। शिकायत में उन्होंने बताया है कि 12 मई को सुबह 5:20 बजे पर सूचना मिली की एनआईओ ऑफिस में आग लगी हुई है। यह सूचना डीआईटीएस कार्यालय चौकीदार नरेंद्रसिंह ने दूरभाष के माध्यम से बताया। उसने बताया कि एनआईसी ऑफिस के सर्वर रूम में आग लग गई है। जल्दी से कार्यालय में पहुंचे। सूचना मिलने के बाद वह कार्यालय में पहुंचे। तब चौकीदार ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम और फायर ब्रिगेड को सूचित किया है। जिसकी सूचना डीसी कैंप ऑफिस को दी गई। एनआईसी और डीआईटीएस कार्यालय एक ही ऑफिस में होने के कारण आग लग जाने से वर्ष 2003 से अब तक सम्पूर्ण रिकॉर्ड एवं हार्डवेयर जल गया। फायर ब्रिगेड द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई गई। आगजनी की घटना की गहनता से जांच करवाई जाए कि किसी नाम नाम पता ना मालूम द्वारा इस कार्य को अंजाम तो नहीं किया गया है। छानबीन की जाए तथा नाम पता ना मालूम के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस की प्रथम दृष्टि की जांच में एचसी अमित ने बताया कि मौका का निरीक्षण बिजली निगम के एसडीओ व फॉरेंसिक टीम द्वारा करवाया गया। मौके से जले सामान से राख का पुलिंदा परीक्षण एफएसएल के लिए गया। इसे एफएसएल के लिए भेजा जाएगा। यह घटना स्थल सरकारी लघु सचिवालय नारनौल का है, जिसकी गहनता से जांच किया जाना अनिवार्य है। इस संबंध में पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि घटना स्थल से लिए गए सैंपल को एफएसएल के लिए भेजने की तैयारी कर रही है। जांच रिपॉर्ट के बाद ही आगजनी के कारण का पता चल पाएगा।

**क्या है आईपीसी की धारा 436**

एडवोकेट नरेंद्र सिंह यादव के मुताबिक जो कोई आग या किसी विस्फोटक पदार्थ द्वारा शरारत करने का इरादा रखता है, या यह जानते हुए कि यह संभावना है कि वह किसी भी इमारत को नष्ट कर देगा, जिसका उपयोग आमतौर पर पूजा स्थल के रूप में या मानव निवास के रूप में या स्थान के रूप में किया जाता है। संपत्ति की हिरासत, आजीवन कारावास से दंडित किया जाएगा या किसी अवधि के लिए कारावास से दंडित किया जाएगा, जिसे दस साल तक बढ़ाया जा सकता है और जुर्माना भी लगाया जा सकता है।



महेंद्रगढ़। सराहनीय परीक्षा परिणाम देने वाले स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## आरआरसीएम स्कूल का शत-प्रतिशत रहा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

- अंग्रेजी में वर्षा ने 100 में से 97 अंक, केमिस्ट्री में नेहा ने 98, संगीत में रचना ने 98, गणित में नेहा ने 95, प्रिया ने फिजिक्स में 96 व बायो में 94, वर्षान ने इतिहास में 92 अंक, ज्योग्राफी में खुशबू ने 93, पोलिटिक्ल साइंस में प्रीति ने 94 अंक हासिल किए

सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं व बारहवीं परीक्षा परिणाम में आरआरसीएम स्कूल के विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत परिणाम रहा। बारहवीं में मेडिकल संकाय में प्रिया ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया। नॉन मेडिकल संकाय में नेहा ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, आर्ट संकाय में खुशबू ने 91 प्रतिशत व कॉमर्स संकाय में वर्षा ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। विषयानुसार टॉपर्स अंग्रेजी में वर्षा ने 100 में से 97 अंक, केमिस्ट्री में नेहा ने 98, संगीत में रचना ने 98, गणित में नेहा ने 95, प्रिया ने फिजिक्स में 96 व बायो में 94, वर्षान ने इतिहास में 92 अंक, ज्योग्राफी में खुशबू ने 93, पोलिटिक्ल साइंस में प्रीति ने 94 अंक हासिल किए। कक्षा दसवीं से दिपांशु 96 प्रतिशत के साथ प्रथम व वंशिका 93 प्रतिशत द्वितीय स्थान पर रहीं। कक्षा दसवीं में छात्र चिराग ने साइंस में 96 व गणित में 100, दीपांशु ने सामाजिक में 96 व संगीत में 99, कोमल ने हिन्दी में 94 व अंग्रेजी में श्रुति ने 98 अंक हासिल किए। संस्था के चेयरमैन रोशन लाल यादव ने सभी विद्यार्थियों को इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## शत-प्रतिशत रहा अरावली स्कूल का परीक्षा परिणाम



महेंद्रगढ़। मेधावी सूची में अपना नाम दर्ज कराने वाले अरावली स्कूल के विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

- छात्रा खुशी मालडा ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, हिमानी माजरा खुर्द ने 93 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा तथा याशिका मालडा ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया

अरावली इंटरनेशनल स्कूल महेंद्रगढ़ का सीबीएसई की ओर से घोषित कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के प्राचार्य शक्ति सिंह ने बताया कि विद्यालय के 46 विद्यार्थियों ने बोर्ड की मेधावी सूची मे अपना नाम दर्ज करवाया हैं। स

कूल की छात्रा खुशी मालडा ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, हिमानी माजरा खुर्द ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा तथा याशिका मालडा ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं छात्र तनिश, पूर्व, आर्यन, खुशी, निशांत, सोनिया, कपिल, पूजा, जतिन, अनुज व देव ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर स्कूल का नाम रोशन किया। इस अवसर पर अरावली के संस्थापक अशोक कुमार यादव ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य शक्ति सिंह ने बताया कि इन विद्यार्थियों से अन्य विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा लेनी चाहिए। एमडी रेखा यादव ने इस शानदार प्रदर्शन पर सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए इस सफलता का श्रेय स्कूल के स्टॉफ, अभिभावक व विद्यार्थियों को दिया जाता है।

## ओउम इंटर नेशनल स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार



**नारनौल।** सीबीएसई बोर्ड की ओर से 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें ओउम इंटर नेशनल स्कूल का परीक्षा परिणाम हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शानदार रहा। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर स्कूल की ओर से छात्र व छात्राओं को सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं में 54 विद्यार्थियों में से 33 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया तथा कक्षा 12वीं में 41 में से 22 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। जिसमें कक्षा 10वीं में वैष्णवी तिवारी पुत्री शिव शरण तिवारी ने 97 प्रतिशत अंक, नेहा पुत्री राकेश ने 95.2 प्रतिशत, अश्मी पुत्री कृष्ण ने 94.3 व नेहा पुत्री देवेंद्र ने 94.3 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं कक्षा 12वीं की छात्रा अन्नया पुत्री कुलदीप यादव ने 95 प्रतिशत, हर्ष कुमार यादव डूमरोली ने 94.2 प्रतिशत, निशा कुमारी पुत्री रतन सिंह ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।



महेंद्रगढ़। सराहनीय परीक्षा परिणाम आने पर खुशी मनाते आरपीएस स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# आरपीएस ग्रुप के 1354 विद्यार्थियों ने हासिल किए 90 प्रतिशत से अधिक अंक, मना जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

- आरपीएस के भव्य सतिजा ने 99 .40, कनिका व सार्थक डागर ने 98 .80, काजल ने 98 .60, मुस्कान व साईं स्मृति साहू ने 98 .20 प्रतिशत अंक किए प्राप्त

सीबीएसई द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों में आरपीएस संस्था की भव्य सतिजा ने 99.40 प्रतिशत, कनिका व सार्थक डागर ने 98.80 प्रतिशत, काजल ने 98.60 तथा मुस्कान व साईं स्मृति साहू ने 98.20 प्रतिशत, चिन्मय, खुशी शर्मा व स्वाति सिंह ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे आरपीएस समूह का नाम पूरे प्रदेश में गौरवान्वित किया है। 181 विद्यार्थियों ने मैथ्स, साइंस, सामाजिक विज्ञान, संगीत, आईटी, एआई में 100 में से100 अंक प्राप्त किए हैं। आरपीएस समूह की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव एवं संस्था के सीईओ इंजि. मनीष राव ने अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को बधाई दी है।

संस्था के सीईओ इंजि. मनीष राव ने बताया कि स्कूल के छात्र अभिनव, जयंत कौशल, आयुष अग्रवाल, पायल राव, तनव्या गोयल, योगेश यादव व योगिता तंवर ने 98 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। कक्षा दसवीं में 23 विद्यार्थियों ने 98 प्रतिशत से अधिक, 418 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत व 1354 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर शिक्षा जगत के मानस पटल पर उत्कृष्टता की अमिट छाप छोड़ी है। गौरतलब है कि सीबीएसई 12वीं के परीक्षा परिणामों में सुनैना गौतम ने 99.60 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे देश में सर्वश्रेष्ठता का परचम लहराया। आरपीएस संस्था की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बधाई देते हुए कहा आरपीएस संस्था विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए अपनी कड़ी मेहनत के बल पर सदा दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा परिणाम अभिभावकों, विद्यार्थियों व शिक्षकों की जीत का प्रतिफल है।

## मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल महेंद्रगढ़ के प्रांगण में बुधवार को कक्षा 12वीं व 10वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसके बाद विद्यालय प्रांगण से कस्बे से होते हुए दुलोठ, निम्बी, छाजियावास, जांजडियावास, ककड़ा, पलह, पाल, गडानिया, खेड़की, बेरावास, खैरोली, नांगल सिरोही सहित अन्य गांवों में विजय जुलुस निकाला गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में डायरेक्टर हुकम सिंह तंवर, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सुरेंद्र यादव, जय बजरंगबली एमपीएच डब्ल्यू कॉलेज के प्राचार्य सोनू तंवर व प्रवक्ता अमर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कक्षा 10वी की छात्रा मान्यता ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, साहित 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व ऊषा 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वीं में विद्यालय के 28 बच्चों ने मेरिट सूची में अपना नाम अंकित किया है। इसी क्रम में कक्षा 12वीं में विज्ञान संकाय में साहिल ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, मुस्कान ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व उत्तम ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में दिव्या ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, सताक्षी ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व मैंसू ने 87.2 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कॉमर्स संकाय में सपना ने प्रथम, करूणा ने द्वितीय व नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में करीब 40 बच्चों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप तंवर व चेयरमैन सतन सिंह यादव ने बच्चों को बधाई देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## देवयानी के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम सराहनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सीबीएसई द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में 12वीं कक्षा से कीर्ति चौधरी पुत्री सुरेंद्र कुमार ने नॉन मेडिकल में 95 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल टॉप किया। अतुल पुत्र धर्मवीर ने दूसरा और ऋषभ पुत्र घनश्याम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मेरिट सूची में कीर्ति, अतुल, ऋषभ, मनीषा, मुकेश, विनीत, साक्षी, अंशु, तन्नु, राहित, दिव्या, अक्षिता सहित 80 प्रतिशत विद्यार्थी शामिल है। इसके अलावा कक्षा 10वीं से कुमकुम पुत्री सुधीर ने 94 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल टॉप किया। अनीष पुत्र संजय ने 93.8 प्रतिशत, निखिल यादव पुत्र सतपाल ने 92.8 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। तरुणा, अंशु, निधि यादव, सुप्रिया, रितेश चौधरी, वर्षा यादव, अनुज कुमार, अंशु, दिव्या, रेखा, खुशी, भूमिका, तनीष सहित 85 प्रतिशत बच्चों ने मेरिट सूची में नाम दर्ज करवाया। बच्चों की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य बलवान सिंह ने कहा कि यह परिणाम एक दिन का नहीं सालभर की मेहनत का परिणाम है। सभी बच्चों को कठिन मेहनत करने के लिए प्रेरित करता है। चेयरमैन सुनील कुमार ने बताया कि आज की इस भौतिकवादी दौड़ में अंकों नहीं सब्जैक्ट नॉलेज को ज्यादा महत्व दिया जाता है। इस मौके पर प्रवक्ता प्रदीप कुमार, हितेष गुप्ता, केएल मीना, सुधीर कुमार व मनीष कुमार आदि उपस्थित रहे।


## न्यूज डायरी

### आरपीएस कनीना ने विद्यार्थियों ने परीक्षा परिणाम मे लहराया परचम, हर ओर खुशी



**महेंद्रगढ़।** आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल कनीना के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड की ओर से घोषित परीक्षा परिणाम में अपना परचम लहराया है। स्कूल की छात्रा अंकिता ने 96.6%, तनिषा ने 95.4%, दिव्या 94.6%, आरजू 93.2%, देव 91.8%, भाविका 91.6%, साक्षी 91.6%, साक्षी 90.2% अंक हासिल किए हैं। स्कूल के अन्य सभी छात्रों ने भी 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव व सीईओ इंजि. मनीष राव ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूर्व डीईओ मुकेश लावनियां ने विद्यार्थियों के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षकों के कार्यों की सराहना की तथा बच्चों के साथ प्रयत्नशील रहने के लिए प्रेरित किया।

### राजवंशी स्कूल दौचाना में सुलेख व पेपर फोल्डिंग प्रतियोगिता आयोजित



**नारनौल।** दौचाना गांव के राजवंशी स्कूल में बुधवार को लिखावट में सुधार को लेकर हिन्दी व अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता तथा रचनात्मक सोच को विकसित करने हेतु पेपर फोल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पूजा शर्मा व लक्ष्मी ने की। स्कूल प्रिंसिपल दिनेश कुमार ने बताया कि बच्चों में हिन्दी व अंग्रेजी की गुणवत्ता तथा सुलेख में सुधार को लेकर पहली कक्षा व दूसरी कक्षा के बच्चों में सुलेख प्रतियोगिता करवाई गई। सुलेख प्रतियोगिता में कक्षा पहली से नव्या शर्मा ने प्रथम, आरुश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरी कक्षा में आध्या ने प्रथम व मोन्टी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। पेपर फोल्डिंग प्रतियोगिता में कक्षा पहली से दक्शु ने प्रथम, किंजल ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा दूसरी से हार्दिक ने प्रथम व विकाश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### श्रीकृष्णा स्कूल महेंद्रगढ़ में मनाया मैंगो-डे



**महेंद्रगढ़।** श्रीकृष्णा सी. सै. स्कूल महेंद्रगढ़ में बुधवार को मैंगो डे बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें कक्षा एलकेजी से प्रथम तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। छोटे-छोटे बच्चे मैंगो डे के लिए आम बनकर स्कूल पहुंचे तो उनका उत्साह देखने लायक था। इस बारे में जानकारी देते प्री-प्राइमरी हेड प्रीती यादव ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों को मैंगो, मैंगो फ्रूटी एवं मैंगो की टॉफियां बच्चों को खिलाई गई एवं उनकों मैंगो डे के बारे में जानकारियां दी। स्कूल सीईओ कर्मवीर राव ने कहा कि आम के अनेक प्रकार के होते हैं। आम को कच्चा या पक्का दोनों तरीकों से लोग इसे खाना पसंद करते है। डायरेक्टर यशवंत यादव ने कहा कि जैसे ही गर्मी शुरू होती है तो एक ही फल का नाम सबसे ज्यादा आता हैं। स्कूल प्राचार्य वीरेंद्र सिंह ने कि गर्मी आम के मौसम के तौर पर जानी जाती है।

## अपराध

### यह तो चंदा देने से मना करने का ट्रेलर है, पैसे का इंतजाम कर लेना वरना जान से जाएगा

# खेल प्रतियोगिता के लिए मांगा चंदा, इनकार करने पर पूर्व सैनिक की पिटाई का आरोप

- घटना के बाद परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां से उसे प्राथमिक उपचार देने के बाद पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया
- मामले में सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपित अमित कुमार व रविन्द्र के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गांव बहाला खुर्द में बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता के लिए चंदा नहीं देने पर पूर्व सैनिक के साथ मारपीट व उसकी पत्नी को धक्का देकर गिराने का मामला सामने आया है। इस मामले में सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपित अमित कुमार व रविन्द्र के खिलाफ धारा 323, 34 व 506 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित मनीराम वासी बलाहा खुर्द ने गहली पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि वह सीमा सुरक्षा बल से सेवानिवृत्त है और खेतीबाड़ी का काम करता है। पीड़ित ने बताया कि उसके ताऊ स्व. भगवाना राम की स्मृति में जनहित व जन कल्याण के लिए पंचायत की सहमति से पंचायती जमीन पर विवाह समारोह स्थल का निर्माण करवाकर दान करना चाहता है। जिसका निर्माण कार्य शुरू किया हुआ है।

परिवार के लोगों ने निर्माण कार्य की देखभाल के लिए उसे जिम्मेवारी दे रखी है। एक दिन जब वह निर्माण सामग्री की देखरेख करके अपनी पत्नी के साथ खाना खाने के लिए घर जाने लगे तो अमित कुमार व रविन्द्र उसके पास आए और कहा कि इस मैरिज हॉल के पास बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता करवाना चाहते है। जिसके लिए एक लाख 50 हजार रुपये की जरूरत है। यह राशि अपने परिवार से कहकर उन्हें दिलवाए।

जिस पर उसने मना किया तो दोनों तैश में आ गए और बोले एक तरफ तो धन्ना सेठ बनकर करोड़ों रुपये निर्माण पर खर्च कर रहे हो और दूसरी तरफ एक लाख 50 हजार रुपये देने के लिए तैयार नहीं हो। आरोपितों ने कहा कि अगर रुपये नहीं दिए तो कल से यहां पर निर्माण कार्य नहीं होगा। जिस पर उसने कहा कि चंदा लेने के लिए धमकी नहीं दी जाती, प्रार्थना की जाती है। जिस पर अमित ने अपनी जेब से लोहे का चाकू जैसा दिखने वाला हथियार निकाला व रविन्द्र ने लोहे की तेज धारा वाली छोटी हथियारनुमा वस्तु निकाली। इसके बाद रविन्द्र ने अमित से कहा कि वह इसको पकड़ता है और इसे मारकर काम तमाम कर दें। जिस पर गांव वाले अपने आप चंदा देने लग जाएंगे। जिस पर उसकी पत्नी ने कहा कि ऐसा मत करो।

यह देख रविन्द्र ने उसकी पत्नी को पकड़कर धक्का मारा, जिससे वह गिर गई। इसके बाद रविन्द्र ने उसका हाथ पकड़ लिया और अमित हथियार से उसे मारने लगा। जब बचाव के लिए वह नीचे बैठने की कोशिश करने लगा तो हथियार उसकी आंख के ऊपर लगा। ऐसे में मामूली अंतर से उसकी आंख बच गई। जिस चोट से उसका खून बहने लगा। जिससे वह जमीन पर गिर गया और शोर मचाया तो आरोपितों ने कहा कि यह तो चंदा देने से मना करने का ट्रेलर है, पैसे का इंतजाम करने लेना वरना जान से जाएगा। इसके बाद दोनों आरोपित मौके से फरार हो गए। इसके बाद गांव की एक महिला उसे व उसकी पत्नी को उनके घर लेकर आई। जहां से वाहन की व्यवस्था करके अस्पताल में पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप



महेंद्रगढ़। डॉ. सजिथा बीजू के साथ कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

### मेलबर्न की डॉ. सजिथा हकेंवि में करेंगी शोध

**महेंद्रगढ़।** मेलबर्न विश्वविद्यालय आस्ट्रेलिया की वैज्ञानिक डॉ. सजिथा बीजू को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शोध करने के लिए डायसन फैलोशिप प्राप्त हुई है। डॉ. सजिथा बीजू हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. रूपेश देशमुख के साथ मिलकर प्लांट जिनोमिक्स एंड क्रॉप इम्प्रूवमेंट के क्षेत्र में शोध करेंगी। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस शोध से अवश्य ही यह शोध प्लांट जिनोमिक्स के क्षेत्र में उल्लेखनीय परिणाम प्रदान करने वाला होगा।



नारनौल। प्रधान राकेश महता को चेक सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पुनीत ने श्रीगौड़ ब्राह्मण सभा कर किया सहयोग

**नारनौल।** श्रीगौड़ ब्राह्मण सभा के प्रधान राकेश महता एडवोकेट को भूमि खरीद के लिए अमरपुर जौरासी गांव के कैप्टन पुनीत कुमार भारद्वाज पुत्र मुंशीराम भारद्वाज ने एक लाख 25 हजार रुपये की राशि सहयोग स्वरूप प्रदान की। मर्चेंटनेवी में पदस्थ कैप्टन पुनीत भारद्वाज ने यह राशि अपने जन्मदिन के अवसर पर दी है।

### घर से निकला 68 वर्षीय व्यक्ति लापता

**कनीना।** सदर थाना अंतर्गत गांव मुड़ायन से एक बुजुर्ग व्यक्ति लापता हो गया। इस बारे में कृष्ण कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका 68 वर्षीय पिता रामपत सिंह 13 मई को दोपहर करीब एक बजे खाना खाने के बाद सात हजार रुपये लेकर बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से घर से निकला था। जिन्हें झिंगावन की ओर जाते देखा गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि देर सायं तक घर नहीं पहुंचने पर उन्होंने तहकीकात की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### ताला तोड़कर बुडीन स्कूल में की चोरी

**नारनौल।** अज्ञात चोरों ने स्कूल का ताला तोड़कर मिड-डे-मील राशन, बैटरी व अन्य उपकरण तथा सामान चोरी कर लिया। स्कूल प्रशासन ने बताया कि 13 मई को बच्चों की छुट्टी होने के बाद अगले दिन 14 मई को सुबह 7:50 बजे स्कूल स्टाफ आया तो चोरी होने का पता चला। जांच करने पर पता चला कि अज्ञात चोर स्कूल के कमरों के ताले तोड़कर डीटीएच की बैटरी व दो अन्य बैटरी, इन्वेटर, प्रिंटर, सोलर प्लेट के अलावा मिड-डे-मील का राशन 10 किलोग्राम गेहूं, 50 किलोग्राम चावल, टोपिया व अन्य सामान चोरी कर ले गए।

# आईटीआई में दाखिले का नोटिफिकेशन जारी, जल्द शुरू हो सकती है दाखिला प्रक्रिया

- जिले में 11 सरकारी व 15 प्राइवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

सीबीएसई बोर्ड की ओर से कक्षा दसवीं व बारहवीं तथा हरियाणा बोर्ड की ओर से कक्षा बाहरवीं का परीक्षा परिणाम घोषित करने के साथ ही कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने आईटीआई में दाखिला प्रक्रिया शुरू करने की तैयारियों शुरू कर दी हैं।

विभाग की ओर से आईटीआई में दाखिले का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। उम्मीद लगाई जा रही है कि मई माह के अंत में दाखिला प्रक्रिया शुरू हो सकती है। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के अतिरिक्त निदेशक की ओर से प्रदेश के सभी प्रधानाचार्यों को आदेश जारी कर दिए हैं।




महेंद्रगढ़। आईटीआई भवन। फोटो : हरिभूमि

- दाखिले के लिए विद्यार्थी के पास आधार नंबर, मोबाइल नंबर, ई मेल आईडी व परिवार पहचान पत्र होना अनिवार्य

आईटीआई में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थी के पास आधार नंबर, मोबाइल नंबर, ई मेल आईडी व परिवार पहचान पत्र होना अनिवार्य है। इसके अलावा अतिरिक्त निदेशक की ओर से जारी आदेश में प्रधानाचार्यों को अपने निकटतम स्कूल तथा ग्राम पंचायत से संपर्क करके शत प्रतिशत दाखिला सुनिश्चित कराने के आदेश दिए हैं। जिले में 11 राजकीय तथा 15 प्राइवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में दाखिले होने हैं।

### किस संस्थान में कौन कौन से कोर्स

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भोजावास में कोपा, ब्यूटीशियन, इलैक्ट्रिशियन, इलैक्ट्रोनिक्स मशीनिष्ट, इलैक्ट्रोनिक्स, फीटर, मशीनिष्ट, डीजल मैकेनिक,पलंबर, रेफिजरेटर एंड एसी तकनीशियन, सेविंग टैकनोलॉजी, सीट मेटल, वेल्डर, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डेरोली जाट में कोपा, ड्रैस मेकिंग, इलैक्ट्रिशन,वेल्डर, वायरमैन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महेंद्रगढ में कारपेंटर, ड्राफ्टमैन सिविल, ड्राफ्टमैन मैकेनिक, इलैक्ट्रिशियन, इलैक्ट्रोनिक्स मशीनिष्ट, फीटर, फाउडरीमैन, मशीनिष्ट, मोटर मैकेनिक, मैकेनिक ट्रैक्टर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ओपरेटर, पलंबर, रेफिजरेटर एंड एसी तकनीशियन, सीट मेटल वर्कर, सोयल टैस्टिंग एंड क्रोप टैकनीशियन, स्टैनोग्राफर, टैकनीशियन पावर इलैक्ट्रोनिक्स सिस्टम, टर्नर,वेल्डर, वायरमैन, राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सिलाई, कढ़ाई, कोपा, इलैक्ट्रोनिक्स मैकेनिक, ब्यूटीशियन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मालड़ा बास में कोपा, इलैक्ट्रिशियन, फीटर, पलंबर, रेफिजरेटर एंड एसी तकनीशियन, स्टैनोग्राफर, वेल्डर, वायरमैन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महेंद्रगढ़ में कारपेंटर, कोपा, ड्राफ्टमैन सिविल, ड्राफ्टमैन मैकेनिक, इलैक्ट्रिशियन, इलैक्ट्रोनिक्स मैकेनिक, फीटर, हेल्थ सैनेटरी इंस्पेक्टर, मशीनिष्ट, मोटर मैकेनिक, पैंटर, , प्लास्टिक प्रोसेसिंग ओपरेटर, पलंबर, रेफिजरेटर एंड एसी तकनीशियन, सीट मैटल वर्कर, स्टैनोग्राफर, टैकनीशियन पावर इलैक्ट्रोनिक्स सिस्टम, टर्नर, वेल्डर, वायरमैन, राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कोपा, ब्यूटीशियन, ड्रैस मेकिंग, इलैक्ट्रिशियन, सेविंग टैकनोलॉजी, स्टैनोग्राफर हिंदी, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सतनाली में कारपेंटर, इलैक्ट्रिशियन, फीटर, रेफिजरेटर एंड एसी तकनीशियन, स्टैनोग्राफर हिंदी, टर्नर, वेल्डर, वायरमैन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सेहलंग में कोपा, ड्राफ्टमैन सिविल, ड्रैस मेकिंग, इलैक्ट्रिशियन, फीटर,पलंबर, वेल्डर, वायरमैन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शहबाजपुर में कोपा, इलैक्ट्रिशियन, फीटर, सीट मैटल वर्कर, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुजापुर में कोपा, इलैक्ट्रिशियन, फीटर, हेल्थ सैनेटरी इंस्पेक्टर, मशीनिष्ट, सेविंग टैकनोलॉजी, सोलर टैकनिशियन, स्टैनोग्राफर हिंदी वेंडर कोर्स चल रहा हैं।

### लड़कियों के लिए निःशुल्क पढ़ाई



हर्षवर्धन शर्मा।

राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महेंद्रगढ़ के प्रधानाचार्य हर्षवर्धन शर्मा ने बताया कि दाखिला का नोटिफिकेशन जारी हो चुका हैं। दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी अपने कागजात तैयार रखें। आईटीआई में कौशल पर प्रशिक्षण दिया जाता है। साथ ही फीस भी नाम मात्र की ली जाती है। आईटीआई करने वाली युवतियों की पढ़ाई निःशुल्क है। इसके साथ ही छात्राओं को सरकार की तरफ से निःशुल्क बस पास की सुविधा व टूलकिट के तौर पर एक हजार की राशि भी प्रदान की जाती है। इसके अलावा सरकार द्वारा ड्यूल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग कोर्स के तहत इन कोर्सों में दाखिला लेने वाले युवतियों को 500 प्रतिमाह छात्रवृत्ति भी दी जाती है।

## गर्मी को देखते हुए डीसी ने लोगों के लिए जारी की एडवाइजरी

# दक्षिणी हरियाणा के कुछ हिस्सों में तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान

- सभी नागरिक लू से बचाव के उपाय करें
- पक्षियों व पशुओं के लिए पानी का प्रबंध करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले चार-पांच दिनों में राज्य में शुष्क मौसम, तापमान में वृद्धि और लू की स्थिति रहने की चेतावनी जारी की है। दक्षिणी हरियाणा में इसका और भी अधिक प्रभाव हो सकता है। ऐसे में सभी नागरिक मौसम को देखते हुए कुछ जरूरी ऐतिहात बरतें। जिला के निवासियों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने कहा कि अगले चार-पांच दिनों के दौरान मुख्य रूप से शुष्क मौसम और आसमान साफ रहने की संभावना है। इस अवधि के दौरान अपना जरूरी कार्य सुबह और शाम को करें। दोपहर को बहुत जरूरी कार्य के लिए ही घर से बाहर जाएं। इस दौरान बुजुर्गों, पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों और शिशुओं का विशेष ध्यान रखें तथा उन्हें गर्मी से बचाएं। हल्के रंग के सूती व हल्के कपड़े पहनें। बाहर निकलते समय अपना सिर ढकें। इसके लिए कपड़े, टोपी या छाता का उपयोग करें। निर्जलीकरण से बचें। बार-बार पानी पिएं। प्यास न होने पर भी पर्याप्त पानी पिए। खुद को हाइड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस, घर का बना पेय, तोरणी चावल का पानी, नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें। उन्होंने बताया कि इस अवधि के दौरान हरियाणा राज्य में अधिकतम तापमान में लगभग चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। परिणाम स्वरूप 16 मई से 18 मई 2024 के बीच दक्षिणी हरियाणा के कुछ हिस्सों में तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। उन्होंने बताया कि इसी तरह हरियाणा के उत्तरी हिस्सों में भी तापमान 41 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद है। ऐसे में सभी नागरिक लू से बचाव के उपाय जरूर करें। पक्षियों व पशुओं के लिए पानी का प्रबंध करें। पक्षियों के लिए पेड़ों पर स्कोरा आदि बांधें।



डीसी मोनिका गुप्ता।

### मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

हरियाणा एनसीआर दिल्ली विशेषकर जिला महेंद्रगढ़ में लगातार गर्मी व लू के तेवर प्रचंड होते जा रहे हैं। जिससे दिन व रात के तापमान भी धीरे-धीरे परवान चढ़ने लगे हैं। मौसम विशेषज्ञ डा. चंद्रमोहन ने बताया कि वर्तमान परिदृश्य में हरियाणा एनसीआर दिल्ली में दिन व रात का पारा उफान पर है, साथ ही सम्पूर्ण इलाके में सुबह से शाम तक सूर्य के तेवर तल्ख किए हुए। उन्होंने बताया कि लगातार पश्चिमी गर्म हवाएं चलने से गर्मी अपने प्रचण्ड तेवरों से आगाज किए हुए हैं। इसके अलावा बीच बीच में 5-10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से सतही हवाएं चल रही है, जो गर्मी के तेवरों को और अधिक प्रभावी बनाएं हुए। जिससे सम्पूर्ण इलाके से नमी को सोख रही है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में सम्पूर्ण मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली व विशेषकर पश्चिमी जिलों में भीषण आग उगलने वाली गर्मी व लू और ज्यादा उग्र होने की संभावना बन रही है। इसीलिए भारतीय मौसम विभाग ने सम्पूर्ण इलाके पर आने वाले एक सप्ताह तक ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है। जिससे आमजन को गर्मी व लू से रू-ब-रू होना पड़ रहा है। दोपहर के समय आमजन घरों में रहने के लिए मजबूर हैं। बुधवार को हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर दिन का तापमान 40.0 डिग्री सेल्सियस से 43.7 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया है, जबकि हरियाणा एनसीआर दिल्ली में रात्रि तापमान 21.0 डिग्री सेल्सियस से 27.0 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया। वहीं जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ में दिन का तापमान क्रमशः 42.5 डिग्री सेल्सियस व 42.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गए हैं, जबकि जिले में रात्रि तापमान क्रमशः 27.0 डिग्री सेल्सियस व 22.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।



# अब नहीं चलेगा मोदी मैजिक बनेगी इंडि की सरकारः दानसिंह

- लगातार बढ़ रहा कांग्रेस का कुनबा, जनता सरकार बदलने की तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

देश में अब मोदी मैजिक पूरी तरह से समाप्त हो चुका हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन का मैजिक चलेगा। इस बार के चुनाव में इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत हासिल कर अपनी सरकार बनाएंगी। इंडिया गठबंधन के महेंद्रगढ़-भिवानी के प्रत्याशी राव दानसिंह ने दादारी विधानसभा क्षेत्र के गांव मोरवाल, बिगोवा, ईमलोटा, सरूपगढ़, सांतोर, नीमली, कन्हेटी, भागवी, भैरवी, मानकावास, पाण्डवान, बिरही खुर्द, बिरही कलां, तिवाला, बरसाना, छपार, रासीवास, डोहकी, अखत्यारपुर, पैंतावास कलां, पैंतावास खुर्द, फतेहगढ़, साहूवास, घिकाड़ा आदि गांवों के ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहीं। भाजपा ने अपने 10 साल के कार्यकाल में युवाओं, किसानों, मजदूरों, व्यापारियों हर किसी को परेशान करने का काम किया। आए दिन कांग्रेस पार्टी ज्वाइन करने वालों की तादाद बढ़ती जा रही है और यह आने वाले दिनों में और अधिक लोग जुड़ेंगे। देश में मोदी लहर को लेकर अब कोई मोदी लहर नहीं है। देश की जनता भाजपा की सच्चाई जान चुकी है और उसने मन बना लिया है कि भाजपा को सत्ता से बाहर करना है। भाजपा सरकार का कहना है कि इस बार चुनाव जीतने पर संविधान बदलाव करेंगे। लेकिन लोगों ने सरकार ही बदलने का मन बना लिया हैं। उन्होंनें कहा कि आज महंगाई, बेरोजगारी व कानून व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि व श्रम क्षेत्र एवं युवाओं व मजदूरों का बुरा हाल है।

# स्टेशन के पुनर्विकास कार्य के कारण यातायात प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- मार्ग परिवर्तित रेलसेवाओं का अतिरिक्त ठहराव

जयपुर स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य प्रगति पर है। इस कार्य के दौरान जयपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर चार व पांच पर एयर कोनकोर्स निर्माण कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। इस कार्य के कारण मार्ग परिवर्तित रेलसेवाओं का मार्ग के कुछ स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव दिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 15013 जैसलमेर-काठगोदाम रेलसेवा 29 मई से 30 मई तक व एक जून से आठ जून तक तथा 10 जून से सात अगस्त तक जैसलमेर से चलने वाली रेलसेवा परिवर्तित मार्ग वाया फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी एवं मार्ग में फुलेरा, नारनौल, नीमकाथाना, श्रीमाधोपुर, रींगस, रेनवाल स्टेशन पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 15014 काठगोदाम-जैसलमेर रेलसेवा 28 मई से 29 मई तक, 31 मई से सात जून तक व नौ जून से छह अगस्त तक काठगोदाम से चलने वाली रेलसेवा परिवर्तित मार्ग वाया रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी एवं मार्ग में रेनवाल, रींगस, श्रीमाधोपुर, नीमकाथाना, नारनौल, फुलेरा स्टेशन पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 22995 दिल्ली-जोधपुर सुपरफास्ट 29 मई से सात अगस्त तक दिल्ली से चलने वाली रेलसेवा परिवर्तित मार्ग वाया रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी व मार्ग में नारनौल, नीमकाथाना, श्रीमाधोपुर, रींगस, फुलेरा स्टेशन पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 22996 जोधपुर-दिल्ली सुपरफास्ट रेलसेवा 29 मई से सात अगस्त तक जोधपुर से चलेगी।

### पेड़ काटने से रोकने पर कुल्हाड़ी से हमला

**नारनौल।** गांव सिहमा में पेड़ काटने से रोकने पर मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस बारे में पीड़ित मनजीत वासी सिहमा ने फैजाबाद चौकी में दी शिकायत में बताया कि उसके बोरवेल के पास कर्णसिंह व कमलेश हरे पेड़ काट रहे थे। जब उसने पेड़ काटने के बारे में पूछा तो गाली-गलौच शुरू कर दी। शिकायतकर्ता ने बताया कि पेड़ काटते हुए की फोटो लेने पर मारने की धमकी दी। इसके बाद जब वह अपने घर के बाहर जा रहा था, तब कर्णसिंह उसके पीछे कुल्हाड़ी लेकर दौड़ा। आरोपित के पीछे कलमेश व उसकी पुत्रवधु किरण भी थी। पीड़ित ने बताया कि कर्णसिंह ने उसकी कमर पर कुल्हाड़ी से मारना शुरू कर दिया। बचाने आई कमलेश व किरण से उसके साथ भी मारपीट की। घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया।

# भाजपा ने युवाओं को बिना खर्ची-पर्ची के दी नौकरीः धर्मबीर

- चौ. धर्मबीर सिंह ने विभिन्न गांवों का दौरा कर राष्ट्रहित के लिए की भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़/भिवानी

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी चौ. धर्मबीर सिंह ने कहा कि भाजपा व्यवस्था व पुराना सिस्टम बदला। जिससे आमजन को फायदा मिला। नई व्यवस्था में हरियाणा में योग्य युवाओं को बिना पर्ची व बिना खर्ची के रोजगार मिला। तबादलों का सिस्टम बदला गयाए प्रदेश के 95 प्रतिशत अध्यापक अपनी नियुक्ति स्थल को लेकर खुश हैं। यही नहीं भाजपा सरकार ने रेगिस्तानी इलाके में नहरों के अंतिम तेल तक पानी पहुंचाने का काम किया, इससे खेती के लिए पर्याप्त पानी मिला तथा इलाका समृद्ध और खुशहाल हुआ है। सरकार ने किसान के साथ.साथ सभी वर्गों की भलाई के लिए नीतियां लागू की है। धर्मबीर सिंह बुधवार को महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव बवाना, मालड़ा, मालड़ा बास, लावन, माजरा कलां, झुक, सिगड़ी राजपूत, नांगल हरनाथ, गागड़वास और बचीनी, बवानिया, मुड़ायन, सूरजनबास खेड़ा, चितलांग, देवास, भलासी, डुलाना, मेघनवास, बुचौली, कुराहवटा, मांडोला, जेरपुरा, उध्मापुर, राजावाास, बलाना, ढाढोत, सोहला, बोहरा की ढ़ाणी, बुडिन, बलायचा, निम्मेडा, खातोदड़ा, खातोद, खायरा, मोहल्ला महायचान महेंद्रगढ़, सैनीपुरा महेंद्रगढ़ में चुनावी सभाएं की। उन्होंने कहा कि 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में एक तरफा लहर है। क्योंकि देश की जनता तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री देखना चाहती है इससे साफ जाहिर होता है कि प्रदेश की सभी 10 की 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा जीत दर्ज करेगी। धर्मबीर सिंह नके कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हर वर्ग की भलाई के लिए कार्य किया है तथा अंत्योदय की भावना से कार्य करते हुए गरीब से गरीब व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया। जिसके चलते आज प्रदेश में हर वर्ग का जीवन स्तर सुधरा है तथा लोग अच्छे दिन लाने के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताते नहीं थकते। उन्होंने कहा कि भारत वर्ष में करीब 20 करोड लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया हैए जबकि कांग्रेस पार्टी गरीब और उसकी गरीबी मिटाने में असमर्थ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोगों को भ्रमित करने का काम किया है।



महेंद्रगढ़। जनसभा को संबोधित करते भाजपा उम्मीदवार धर्मबीर सिंह।

**कंपनी के सामने बाइक ले गए चोर (कसोला)।** आईएमटी में एक कंपनी के गेट पर पार्किंग में खड़ी बाइक चोरी हो गई। रेवाड़ी के साधशाह नगर निवासी नितिन ने बताया कि वह कंपनी में काम करता है। घर से बाइक लेकर वह कंपनी में आया था। बाइक कंपनी के गेट पर पार्किंग में खड़ी करने के बाद वह काम पर चला गया। शाम के समय कंपनी से बाहर आया तो उसे बाइक गायब मिली।

**कंपनी में चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार (कसोला)।** पुलिस ने औद्योगिक एरिया में एक कंपनी में चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस ने 9 मई को चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। फतेहपुरी निवासी रवि सहित दो लोगों पर कंपनी से सामान चोरी करने का आरोप लगाया था।

## अपनी हर श्वास में प्रभु का नाम स्मरण होता रहेः शास्त्री

# सत्य में राम, सत्य में कृष्ण और सत्य में ही हैं शिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

श्री गो गोपाल प्रचार एवं असहाय सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित सभी धर्म प्रेमी बंधुओं की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन आचार्य मनीष शास्त्री व राघव शास्त्री, यस शर्मा, अंकित शर्मा ने मुख्य यजमान महेश भालोठिया व सहयजमान ओमप्रकाश मित्तल, ओमप्रकाश भालोठिया, संजय अग्रवाल से विधिविधान से सभी देवताओं का पूजन करवाया व भागवत की आरती तथा व्यास पूजन कर कथा का शुभारंभ करवाया। आचार्य पंडित बजरंग शास्त्री ने बताया की श्रीमद्भागवत साक्षात नारायण का स्वरूप है और मुक्ति प्रदाता है। भागवत के आरंभ में सबसे पहले सत्य को प्रणाम किया गया है, क्योंकि सत्य में ही राम है सत्य में ही कृष्ण है और सत्य में ही शिव है। इसलिए लिखा है सत्यम शिवम सुंदरम। आचार्य ने बताया कि घर परिवार का पालन पोषण करना हमारा धर्म है, लेकिन हमारी हर एक श्वास में प्रभु का नाम स्मरण होता रहे, यहीं मानव जीवन का परम धर्म है। आचार्य ने बताया कि भगवान नारायण की आज्ञा से ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण आरंभ किया और सर्वप्रथम दस प्रकार की सृष्टि वर्णन किया। इसके उपरांत ब्रह्मा जी ने अपने शरीर से सृष्टि के पहले पुरुष मनु व स्त्री शतरूपा को प्रकट किया। कथा के अंत में श्री शुकदेव जी व परीक्षित जी की सुंदर झांकी भी दिखाई। जिसका सभी ने पूजन किया। आचार्य ने कथा में बताया कि मनुष्य को अपने घर व समाज के कार्य करते हुए प्रभु का नाम स्मरण व पुण्य के कार्य अवश्य करते रहने चाहिए। उन्होंने बताया कि वह व्यक्ति धन्य होता है, जो प्रभु का नाम स्मरण करता है और करवाता है, क्योंकि व्यक्ति दुनिया से विदा होकर जाता है तब सब यही छोड़कर चला जाता है, केवल उसके पुण्य कर्म व भजन स्मरण, उसकी अच्छाई बुराई ही उसके साथ जाती है। इसलिए व्यक्ति को कोशिश करनी चाहिए की हमारे हाथों से सभी का भला हो। सुरेश चौधरी ने बताया कि प्रतिदिन दोपहर दो बजे से शाम छह बजे तक श्रीमद्भागवत कथा में प्रवचन होंगे।



नारनौल। श्रीमद्भागवत कथा में झूमते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर महेंद्र नूनीवाला, विजय जिंदल, विनोद सोनी, राजकुमार, राजकुमार चौधरी, नवनीत चौधरी, चेतन जिंदल, संजय अग्रवाल, सुरेश शर्मा, सुरेंद्र गोयल, वेदप्रकाश बंसल, प्रदीप संघी, दीपक बंसल, राकेश बंसल, राजेंद्र गुप्ता, मनोज अग्रवाल, राजकुमार, सोमदेव, संजय बंसल, पवन शर्मा, जया बजाज, निर्मल जिंदल, रमा सोनी, अल्पना बंसल, अनुराधा नूनीवाला, रमा अग्रवाल, रीतु गोयल, राधा बंसल, मंजू भालोठिया, मोनिका शर्मा, मंजू शर्मा, गीता गोयल, मुस्कान अग्रवाल, कुमुद गुप्ता, मंजू गुप्ता, निर्मल राज, रेखा संघी, गोमती, पिस्ता शर्मा आदि मौजूद थे।

### पाइप चोरी करने के आरोप में एक गिरफ्तार

**कनीना।** सदर थाना पुलिस टीम ने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अंतर्गत पेयजल पाइप चोरी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान सुमित वासी मातनहेल थाना साल्हावास, जिला झज्जर के रूप में हुई है। पुलिस ने पूछताछ व चोरी का सामान बरामद करने के लिए आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया है। आरोपित के खिलाफ पहले भी झज्जर थाना में चोरी का केस दर्ज है। जन स्वास्थ्य विभाग के उपमंडल अभियंता पवन कुमार ने हाल ही में पाइप चोरी होने का केस दर्ज करवाया था। कनीना के समीप गाहड़ा गांव में 29 गांवों व दो ढाणियों के लिए पेयजल प्रोजेक्ट का कार्य जारी है। पाइप लाइन बिछाने का कार्य जसवीर सिंह ठेकेदार की ओर से किया जा रहा है। बीती नौ मई रात्रि को 10-12 अज्ञात व्यक्ति क्रेन, ट्रक, बाइक तथा कार की मदद से पैरवी कर पाइप चोरी कर रहे थे। इस बारे में नवीन कुमार ने 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस को आते देख वे भाग गए। मौके से ट्रक में लोड 19 पाइप पकड़े गए। ट्रक, क्रेन को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकरमामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की थी।

**कार्यालय नगरपालिका कनीना**

**नियम व शर्तें**

नगरपालिका कनीना की कृषि योग्य भूमि के प्लाट नं. 1 से 4 व 5 की वर्ष 2024-25 के लिए खुली बोली पर दिनांक 17-05-2024 को प्रातः 11:00 बजे नगरपालिका कार्यालय में पट्टे पर छोड़ी जानी है। नियम व शर्तें इस प्रकार है:-

1. यह कि बोली प्लाट नं. 1 से 4 तक की मु. 10,000/- रुपये स्कोरटी कैश बोली के पूर्व नगरपालिका कार्यालय में जमा करानी होगी। तभी बोली दाता बोली दे सकेगा। जिस व्यक्ति के नाम बोली नहीं छुटेगी उनकी स्कोरटी की राशि बोली के बाद वापिस कर दी जायेगी।
2. यह कि कोई भी नगरपालिका का बाकीदार बोली नहीं लगा सकता।
3. यह कि सरकार की हिदायत अनुसार कुल रकबा का 1/3 हिस्सा प्लाट नं. 3 अनुसुचित जाति के लिए पट्टे पर छोड़ा जायेगा।
4. यह कि अन्य प्लाट सामान्य श्रेणी के लिए कोई भी बोलीदाता बोली दे सकेगा।
5. यह कि बोली की किसी भी शर्त को मौके पर उपमण्डल अधिकारी (ना.) कनीना / उसके द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि द्वारा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार होगा।
6. यह कि बोली की स्वीकृत अधिकतम राशि बोली स्वीकृत होने के पश्चात मौके पर नगद जमा करानी होगी।
7. यह कि शर्तें पूरी ना करने की सूरत में किसी भी बोलीदाता की स्कोरटी की राशि जब्त कर ली जायेगी।
8. कृषि योग्य भूमि की एक वर्ष यानि 2024-25 के लिए पट्टे के लिए आम सूचना के लिए मुनादी करा दी गई है तथा अखबार में भी विज्ञापन प्रकाशित करवा दिया गया है।
9. सभी टैक्स पट्टेदार को देने होगें।
10. बिजली का बिल यदि किसी प्रकार का होगा तो पट्टेदार द्वारा भरा जायेगा।
11. प्रस्तावित कृषि भूमि पर पट्टेदार किसी प्रकार का निर्माण नहीं करेगा।
12. भूमि पर लगे सभी उपकरण इत्यादि यदि कोई हो तो चालू हालत में प्राप्त करेगा और चालू हालत में वापिस करेगा।
13. बाकि शर्तें मौके पर सुना दी जायेगी।

-हस्ता- सचिव
नगरपालिका कनीना

SHREE KRISHAN ESTD. 2001 SR. SEC. SCHOOL, BHUNGARKA

# SHREE KRISHAN SR. SEC. SCHOOL

Affiliated to CBSE (Aff. No. : 531421)
BHUNGARKA

## THE SAGA CONTINUES OF OUT STANDING PERFORMANCE

### CHEMISTRY 100/100

CLASS 12th
KUMKUM D/o Mr. SANDEEP KUMAR

### SCIENCE 100/100

CLASS 10th
HIMESH KUMAR S/o Mr. KRISHAN KUMAR

## RESULT SSCE (XII)
SESSION : 2023-24

### 90% & ABOVE STUDENTS 13

- PRIYANKA D/O SH. MANOJ KHATOLI JAT 95.8%
- KUMKUM D/O SH. SANDEEP UNTOLI 95.6%
- NEHA D/O SH. RAKESH BUDHWAL 94.8%
- NEELAM D/O SH. PRITHVI SINGH MULODI 94%
- RASHMI D/O SH. NEER SINGH NEHRU NAGAR 93.4%
- RITIKA YADAV D/O SH. MANI RAM NANGAL KALIA 93%
- GAGAN S/O SH. RATTAN SINGH DHANI BANIA WALI 92.6%
- SACHIN KUMAR S/O SH. SANDEEP KAROTA 92.6%
- NITIKA D/O SH. SATYAVEER BHUNGARKA 91.8%
- CHANCHAL D/O SH. NIRMAL SINGH BAKHRIJA 91.4%
- AMIT S/O SH. BHEEM SINGH DHANI BANIA WALI 90.4%
- SAHIL S/O SH. SANDEEP NANGLI 90.2%
- ASHISH S/O SH. HAWA SINGH SHAHBAJPUR 90.2%

### 80% & ABOVE STUDENTS 40

- AARTI D/O SH. PRAVINDER SHIMLI 89.4%
- PRIYANKA D/O SH. HOSHIYAR SINGH BHUNGARKA 89.2%
- ANSHU S/O SH. HARENDER UNTOLI 88.2%
- ANUSH D/O SH. SUBE SINGH SIROHI BAHALI 88%
- NEHA D/O SH. SUBHASH CHAND ISLAMPURA 88%
- RITU YADAV D/O SH. DINESH KUMAR BHUGNARKA 87.8%
- SNEHA KUMARI D/O SH. KULDEEP SINGH BANIHARI 87.8%
- HANEE S/O SH. ISHWAR SINGH UNTOLI 86.8%
- SAKSHI D/O SH. DHARMVEER KAROTA 86.4%
- SAHIL S/O SH. NARESH KUMAR KANWI 86.4%
- ANKIT S/O SH. BIRENDER BHUNGARKA 85.6%
- PRIYANSHU YADAV D/O SH. RAJESH KUMAR DHANI BATHOTHA 85.6%
- KHUSHBU D/O SH. KAPTAN BHUNGARKA 85.4%
- JONI S/O SH. GAJRAJ SINGH BUDHWAL 85.2%
- AKSHAY YADAV S/O SH. RAJBEER UNTOLI 85%
- AMAN S/O SH. ASHOK KUMAR NANGAL KALIA 84.4%
- SANJANA D/O SH. SATYENDER BHUNGARKA 84.4%
- HITESH KUMAR S/O SH. SUBE SINGH ASHRAWAS 84%
- ANUJ KUMAR S/O SH. PRAKASH CHAND SARELI 84%
- BALJEET S/O SH. VIKASH BHUNGARKA 83.6%
- HARSH KUMAR S/O SH. SURENDER BHUNGARKA 83.6%
- EKTA D/O SH. VINOD KUMAR NAYAN 83.4%
- RANGOLI YADAV D/O SH. RAJESH KUMAR KAMANIA 83.4%
- ANUJ S/O SH. HARPAL BHUNGARKA 83%
- DEEPANSHU S/O SH. PANKAJ KAROTA 82.8%
- SUMIT S/O SH. RAM KISHAN NANGAL DARGU 82.2%
- MUSKAN D/O SH. VIKRAM UNTOLI 81.6%
- SAHIL S/O SH. SATYAPAL JALPORA 81.6%
- KRISHAN KUMAR S/O SH. ANIL KUMAR BHUNGARKA 81.4%
- KHUSBU D/O SH. DOLAT RAM MEGHOT BINJA 81.2%
- PRIYANKA D/O SH. MISHRU MORUND 81%
- VIDHATA D/O SH. SANJAY NANGLI 81%
- PRIYA YADAV D/O SH. RAJESH KUMAR NANGLI 80.6%
- ANUP S/O SH. SHYAM SUNDER THANWAS 80.4%
- MOHIT S/O SH. SATYAVEER SHIMLI 80.4%
- ANCHAL D/O SH. MAN MOHAN KAROTA 80.4%
- NISHA D/O SH. SUSHIL JALPORA 80.2%
- MONIKA D/O SH. SUBE SINGH DHANI BATAR 80.2%
- MAYANK S/O SH. SARVJEET SEKA 80%
- ABHISHEK S/O SH. SUNIL KUMAR DHANI BATHOTHA 80%

## RESULT SSE (X)
SESSION : 2023-24

### 90% & ABOVE STUDENTS 16

- HIMESH S/O SH. KRISHAN KUMAR 97%
- NAVYA AGGARWAL D/O SH. RAJESH KUMAR 96.6%
- SANGEET D/O SH. PRADEEP 95.4%
- SAMEER S/O SH. MANOJ KUMAR 94.4%
- NIKITA D/O SH. HAWA SINGH 93.6%
- BHUPESH S/O SH. RAJ KUMAR 93.4%
- PARUL D/O SH. DEVENDER 93.2%
- NEHA D/O SH. SATISH 93%
- ROHIT S/O SH. VIKRAM 92.2%
- JIYA YADAV D/O SH. VIKRAM SINGH 92%
- KIRTI D/O SH. ANIL 91.4%
- KHUSHI D/O SH. SATYAVEER 91.2%
- SAKSHI D/O SH. MAHESH KUMAR 91%
- MEGHA YADAV D/O SH. BALWANT 91%
- DHEERAJ S/O SH. KRISHAN 90.8%
- JAI PARKASH S/O SH. MANOJ 90.6%

Congratulations! to all Teachers, Parents & Students

### 80% & ABOVE STUDENTS 29

- NIDHI D/O SH. RAJENDER SINGH 89.6%
- HARSH CHOUDHARY S/O SH. VIKRAM SINGH 89.6%
- NITIN S/O SH. RAJ KUMAR 89.2%
- SNEHA D/O SH. VIKRAM SINGH 88.4%
- AJANTA KUMARI D/O SH. SUNIL KUMAR 88.4%
- SUNNY S/O SH. MAHENDER SINGH 88%
- ALKA YADAV D/O SH. SURESH 88%
- MAYANK YADAV S/O SH. CHETRAM 87.8%
- MANAV HUDINA S/O SH. ROSHAN LAL 87.4%
- SAKSHI D/O SH. SURENDER 87%
- VIPIN S/O SH. KRISHAN 87%
- VARSHA D/O SH. JAI PARKASH 86.4%
- MONU S/O SH. NARESH KUMAR 86.2%
- VINIT S/O SH. SANDEEP 86.2%
- DHEERU S/O SH. RAJENDER 85.2%
- PRINCE S/O SH. NAVEEN 84.8%
- JASMINE D/O SH. KRISHAN 84.6%
- HARISH KUMAR S/O SH. SANDEEP 84%
- RITESH S/O SH. CHETRAM 84%
- KHUSHBOO D/O SH. RAJBIR 83%
- VINAY KUMAR S/O SH. RAJESH KUMAR 82.8%
- ANKITA D/O SH. ATTAR SINGH 82.6%
- LUCKY S/O SH. VIJENDER 82.6%
- PARAMJEET S/O SH. SHIV KUMAR 82.2%
- AKASH S/O SH. RAKESH 82%
- MANIT SHERAWAT S/O SH. SURENDER 82%
- AJIT SINGH S/O SH. SURENDER 81.6%
- PRAVEEN KUMAR S/O SH. HANS RAJ 80.4%
- NIRMAL S/O SH. RAJESH 80.2%

## Super Achievements of SKSians

- 01 NTSE
- 11 NEET
- 23 IIT-JEE
- 03 NDA
- 09 VVM
- 14 NSTSE
- 15 AISSEE 2024
- 243 BOARD MERIT

Bhungarka, N. Choudhary (Narnaul) H.R. | 9416602144, 9416885781, 9467139824